हां शंकर आए है संग माँ गौरी को लाए है,
बम बम बोल रहा है काशी भोले शंकर आए है

शिव हिमगिरी के द्वारे आए
गौरी का गौना करवाए,
दोनों काशी नगरी आए
गंगा लाए शीश पे धर के,
बम बम बोल रहा है
काशी भोले शंकर आये है.

काशी नगरी मुझको भाए
गौरा को भोले समझाए,
दूजा घर ये अपना बताएं
हृदय रमाए शिव काशी में,
बम बम बोल रहा है काशी
भोले शंकर आये है.

शिव जी ये आदेश सुनाए
भक्त कोई जो काशी आए,
ज्योतिर्लिंग का दर्शन पाए
मुक्ति पाए वो पापो से,
बम बम बोल रहा है काशी
भोले शंकर आये है.

ज्योतिर्लिंग स्वरूप बनाया
गौरा को संग में बिठलाया,
काशी बस गए शिव महामाया
तिलक लगाए हम चंदन का,
बम बम बोल रहा है काशी
भोले शंकर आये है..